हरिभूमि
# रायपुर भूमि



जुलाई अंत से अगस्त मध्य, फिर अगस्त अंत, सितंबर मध्य और अंततः सितंबर अंत तक बढ़ाई गई थी तारीख



# पहली बार दुर्गा महाविद्यालय में बीए की 60% सीटें खाली
## अटारी कॉलेज भी छात्र के लिए तरसा, अंतिम दिन देखते रहे राह

### इंग्लिश माध्यम में नहीं है दिलचस्पी

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम विद्यालय की तर्ज पर महाविद्यालय भी खोले गए थे। राजधानी के अटारी में प्रारंभ किए गए स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम विद्यालय को इस बार छात्र ही नहीं मिले। मुश्किल से 30 फीसदी सीटों पर ही छात्रों ने प्रवेश लिया है। माना स्थित शासकीय महाविद्यालय में भी छात्रों को खास रुचि नहीं है। यहां भी गिनती के ही विद्यार्थियों ने दाखिला लिया। दोनों ही महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा अंतिम दिवस तक छात्रों से संपर्क साधने की कोशिश की गई, लेकिन विद्यार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किए जाने के दौरान इन्हें विकल्प के रूप में चुना ही नहीं।

- विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि समाप्त
- चार बार बढ़ाई गई तारीख, इसके बाद भी नहीं मिल सके विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

प्रदेश के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो गई। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों और विवि अध्ययनशालाओं में रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए प्रवेश की तिथि चार बार बढ़ाई गई थी। इसके बाद भी कोई फायदा नजर नहीं आया। ग्रामीण क्षेत्रों के कॉलेज के साथ शहरी क्षेत्रों के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### समीक्षा की आवश्यकता

ना सिर्फ दुर्गा महाविद्यालय में बल्कि कई निजी महाविद्यालयों में व्यापक पैमाने पर सीटें रिक्त रह गई हैं। छात्र नियमित पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं ले रहे हैं। इसके कारणों की समीक्षा किए जाने की आवश्यकता है।

- डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी, प्राचार्य, दुर्गा महाविद्यालय

### टुकड़ों में बढ़ाई गई प्रवेश तिथि

महाविद्यालयों में प्रवेश तिथि टुकड़ों में बढ़ाई गई। इसका दुष्प्रभाव देखने को मिला है। प्रवेश तिथि समाप्त होने के पूर्व ही वृद्धि कर दी जानी चाहिए।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य महंत कॉलेज

## खबर संक्षेप

### तीन साल की मासूम से रेप, आरोपी को उम्रकैद

रायपुर। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व तीन साल की बच्ची से रेप करने के आरोपी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम की पाक्सो फास्ट ट्रैक कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के अनुसार, कोर्ट ने भूपेंद्र कुमार साहू उर्फ पिंटू उर्फ बुची को कैद की सजा सुनाई है। घर के बाहर खेल रही बच्ची को भूपेंद्र 28 अगस्त 2020 को अपहरण कर अपने साथ ले गया और उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व सूने मकान का ताला तोड़कर नकदी तथा सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चौरसिया कॉलोनी निवासी योगेश कुमार गुप्ता के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में संतोषी नगर निवासी पुरुषोत्तम उर्फ सोनू धनकर तथा शेख शहंशाह को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों ने 25 सितंबर को चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

### किशोरी से कराया देह व्यापार, दो हिरासत में

रायपुर। तेलीबांधा थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से कमजोर किशोरी से देह व्यापार कराने के आरोप में पुलिस ने किशोरी के पड़ोस में रहने वाली दो महिलाओं को हिरासत में लिया है। जिन महिलाओं को हिरासत में लिया गया है, वे किशोरी को पैसे देने तथा सैर कराने का झांसा देकर नवा रायपुर सहित शहर के अलग-अलग जगहों में ले जाकर देह व्यापार कराती थीं, ऐसा आरोप है। किशोरी से देह व्यापार कराने में कौन-कौन लोग शामिल है, पुलिस इस संबंध में हिरासत में ली गई महिलाओं से पूछताछ कर आगे कार्रवाई की बात कह रही है।

### शराब की अवैध बिक्री कैफे संचालक गिरफ्तार




रायपुर। माना थाना क्षेत्र की पुलिस ने ग्राहकों को अवैध रूप से शराब तथा बीयर बेचने के आरोप में एक कैफे संचालक को गिरफ्तार किया है। कैफे से पुलिस ने दो बोतल अंग्रेजी शराब तथा सात बोतल बीयर जब्त की है। पुलिस के अनुसार, धूम कैफे एवं रेस्टोरेंट के संचालक खम्हारडीह निवासी धूम सिंह को कैफे में अवैध रूप से शराब, बीयर बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## चार महीने में 982 मिमी. तक बरसे बादल, आज से बारिश का नया आंकड़ा

# अंतिम दिन खंड वर्षा के बीच 70 मिमी. के फासले से पिछड़ा रायपुर, खत्म हुआ रेनी सीजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेनी सीजन के अंतिम दिन भारी उमस के बाद बने बादल राजधानी में खंड वर्षा के रूप में काफी देर तक बरसते रहे। इसके बाद भी रायपुर जिला इस बार औसत वर्षा से 70 मिमी. पिछड़ गया, हालांकि यह कमी बड़ी चिंता का विषय नहीं है। बारिश के मौसम के चार महीने में रायपुर जिले में 1052 मिमी. औसत वर्षा होती है जो इस बार 982 मिमी. में सिमट गई। एक अक्टूबर के बाद होने वाली बारिश मौसम विभाग के नए आंकड़े में दर्ज होगी।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई में अभी कुछ देर है। माना जा रहा है कि 15 अक्टूबर के बाद मानसून की गतिविधि में कमी आएगी और तीसरे सप्ताह में ही इसकी विदाई भी शुरू हो जाएगी। पिछली बार की तुलना में छत्तीसगढ़ बारिश के मामले में अपनी बढ़त बनाए हुए है। वर्ष 2023 में राज्य में कुल 1061 मिमी. बारिश हुई थी, जबकि इस बार आंकड़ा 1231 तक पहुंच गया है। दूसरी ओर रायपुर जिला वर्ष 2023 की तुलना में काफी पिछड़ गया है। मौसम विभाग के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले में पिछले साल 1296 मिमी. वर्षा हुई थी, जो सामान्य से 23 फीसदी अधिक थी, लेकिन इस बार बारिश 982 मिमी. से आगे नहीं बढ़ पाया जो सामान्य से 4 प्रतिशत कम है। मौसम के साथ कृषि विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी कमी बड़ी चिंता का कारण नहीं है। भले ही अभी बड़ा सिस्टम नहीं है, मगर हल्की-फुल्की बारिश अभी जारी रहने की संभावना है।

### 15 अक्टूबर के बाद कम होगी मानसून की गतिविधि, तीसरे सप्ताह में विदाई









### सालों बाद जुलाई में झमाझम

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सालों बाद इस बार प्रदेश में मानसून ने जुलाई के महीने में मेहरबानी दिखाई है। मानसून आगमन के बाद जून के महीने में 188 मिमी. वर्षा हुई थी। जुलाई में 410 मिमी. बरसात ने आंकड़े को 598 तक पहुंचा दिया। अगस्त में 368 मिमी. बरसात के साथ कुल वर्षा 966 मिमी. तक पहुंची और सितंबर में 265 मिमी. के साथ कुल आंकड़ा तीस सितंबर तक 1232 मिमी. के साथ सामान्य वर्षा 1132 मिमी से 9 फीसदी अधिक दर्ज हो गया।

### पिछले पांच साल में हुई बारिश

| वर्ष | कुल वर्षा | औसत से अंतर (रायपुर) | प्रदेश में वर्षा | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| 2024 | 982 | -4 | 1231.7 | +9 |
| 2023 | 1296 | + 23 | 1061.3 | -6 |
| 2022 | 892 | -15 | 1276.3 | +13 |
| 2021 | 879 | -16 | 1107.7 | -3 |
| 2020 | 1024 | -3 | 1234.3 | +8 |

### कई इलाकों में तेज बारिश, बादल भी गरजे

स्थानीय प्रभाव से राजधानी में सोमवार को दोपहर कई इलाकों में तेज बारिश हुई है। जेल रोड से लेकर कालीबाड़ी तक पौन घंटे तक झमाझम वर्षा से सड़कों में पानी भर गया मगर टिकरापारा से आगे का इलाका सूखा था। इसी तरह की स्थिति दोपहर भी बनी रही उस दौरान आमानाका इलाके में बारिश हुई मगर शहरी क्षेत्रों में सूखे के हालात रहे। शाम होने के बाद कई इलाकों में पानी बरसा और बादल भी जमकर गरजते रहे। मौसम में हुए बदलाव की वजह से उमस भरी गर्मी से राहत मिली, इसके पूर्व अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो चुका था।

# काले हिरणों की मौत के मामले में जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मौत का कारण जानने जंगल सफारी पहुंची डॉक्टरों की टीम

जंगल सफारी में काले हिरणों की मौत के मामले में राज्य स्तरीय जांच टीम गठित की गई है। काले हिरणों की मौत का कारण जानने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल सहित सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार तथा डॉक्टरों की टीम लगातार जंगल सफारी पहुंच रहे हैं। वन्यजीवों की मौत की जांच करने कामधेनु विश्वविद्यालय के एचओडी भी जंगल सफारी पहुंचने वाले हैं। गौरतलब है कि जंगल सफारी में किस्तों में काले हिरणों की संदिग्ध परिस्थितियों में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### मौत को लेकर संशय

सफारी में थोक में काले हिरणों की मौत आठ महीने के भीतर हुई है। अफसरों के दावों के मुताबिक, ज्यादातर काले हिरणों की मौत मेटिंग के लिए इन फाइटिंग से हुई है, लेकिन सवाल उठता है कि वन्यजीव वर्षाकाल में महज तीन से चार माह ही मदकाल में आते हैं। ऐसी स्थिति में नर वन्यजीवों के ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जिम्मेदारी अब तक तय नहीं

काले हिरणों की मौत मामले में अब तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। इनकी मौत अगर टीबी से हुई है तो इसमें डॉक्टर की लापरवाही है। गौरतलब है कि किसी वन्यजीव में टीबी के लक्षण मिलने पर तत्काल उपचार संभव है। संक्रमण फैलने की स्थिति में सफारी के बाड़े में खुले में घूम रहे अन्य हर्बिवोर प्रजाति के वन्यजीव भी टीबी की चपेट में आ सकते थे।

### वन्यजीवों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग

सफारी में काले हिरणों की मौत की घटना को वन अफसर गंभीरता से लेते हुए वन्यजीवों के स्वास्थ्य की लगातार मॉनिटरिंग करने का दावा कर रहे हैं। अफसरों के अनुसार, किसी वन्यजीव के बीमार होने की जानकारी मिलने के बाद उसे अन्य वन्यजीवों से अलग कर उपचार किया जा रहा है।

# जेल में गैंगवार, साथी का बदला लेने एक बदमाश ने दूसरे पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जेल में बदमाशों के गुट वर्चस्व की लड़ाई के लिए एक दूसरे पर प्राणघातक हमला कर रहे हैं। जेल में एक पखवाड़ा पूर्व चाकूबाजी की घटना का बदला लेने एक बदमाश ने एक अन्य बदमाश पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल बदमाश को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लाया गया, तब जेल में चाकूबाजी की घटना का खुलासा हुआ। जेल प्रबंधन ने घटना की रिपोर्ट अब तक गंज थाने में नहीं की है।

जेल सूत्रों के मुताबिक तेलीबांधा थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश तथा हत्या के आरोपी सैयद नदीम पर मौदहापारा थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश तथा अपहरण के आरोपी आसिफ उर्फ बुट्टी ने चाकू से हमला किया है। सैयद नदीम वर्ष 2019 से दीपक नायडू की हत्या के आरोप में जेल में बंद है। चाकूबाजी की घटना 27 सितंबर को हुई है। बुट्टी ने नदीम के गाल, चेहरा तथा सिर पर चाकू से हमला किया है। घटना जेल के छोटी गोल के बैरक में हुई है।

### बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल लाने पर मामले का हुआ खुलासा

- चम्मच को घिसकर बनाया था चाकू, घटना की जानकारी जेल प्रबंधन ने थाने में नहीं दी





### इस बदमाश पर हुए हमले का बदला लेने

जेल सूत्रों के मुताबिक 12 जून को मौदहापारा थाना क्षेत्र के बदमाश शेख साहिल पर नदीम ने चाकू से हमला किया था। इस बात का बदला लेने आसिफ ने नदीम पर चाकू से हमला किया। एक दूसरे पर चाकू से हमला करने वाले सभी बदमाश एक ही बैरक में बंद थे।

### चम्मच को बनाया हथियार

बदमाशों ने एक दूसरे पर हमला करने जेल में खाना खाने के दौरान चम्मच को चोरी छिपे अपने पास रख लिया था। चम्मच चोरी करने के बाद बदमाशों ने चम्मच को घिसकर चाकू बनाया, इसके बाद एक दूसरे पर चाकू से हमला किया। सूत्रों के मुताबिक जेल में चाकूबाजी की घटना बैरक में दबदबा कायम करने के लिए की थी। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराने से बदमाशों के हौसले बुलंद होंगे। जेल में चाकूबाजी की घटना के बाद जेल प्रशासन ने बदमाशों को अलग-अलग बैरक में शिफ्ट कर दिया है।

## पढ़ने के लिए किताबें नहीं, लैब पूरी तरह से खाली, 340 बच्चों के लिए सिर्फ 2 बाथरूम

# सड़क पर उतरे 'प्रयास' के छात्र, किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रयास छात्रावास के विद्यार्थी सोमवार को सड़क पर उतर गए। सड्डू विधानसभा मुख्य मार्ग पर दसवीं के छात्रों ने चक्काजाम कर दिया। छात्र मूलभूत सुविधाओं की मांग प्रशासन से कर रहे थे। छात्रों का कहना है कि उनके छात्रावास में ना तो पढ़ने के लिए पर्याप्त किताबें हैं और ना ही लैब ▶▶|शेष पेज 13 पर

- प्रयास छात्रावास के छात्रों ने सड्डू विधानसभा मार्ग में किया चक्काजाम

### निकालने की धमकी

छात्रों का कहना है कि उनके द्वारा कई बार प्रबंधन से व्याप्त समस्याओं पर चर्चा करने की कोशिश की गई, लेकिन हर बार उनकी शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया गया। यही नहीं, उन्हें निष्कासित करने की भी धमकी दी जाती रही है। प्रशिक्षण अधिकारियों को पैसा खिलाकर भगा दिए जाने की भी बात छात्रों ने कही। उनका कहना है कि लैब में प्रयोग के लिए जरूरी उपकरण नहीं हैं। कंप्यूटर लैब भी अपडेटेड नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी मंजुला तिवारी भी लंबे समय तक हॉस्टल निरीक्षण के लिए नहीं आती है।

### आग लगने के बाद बाहर ही पुताई

छात्रावास के भीतर व्याप्त समस्याओं को लेकर भी प्रयास में रह रहे विद्यार्थियों ने बात की। उन्होंने बताया कि जब हॉस्टल में आग लगी तब कलेक्ट्रेट से टीम भेजी गई थी। उन्होंने रिपोर्ट तैयार की थी, लेकिन इस पर अब तक कोई काम नहीं हुआ है। हॉस्टल में काम करने के नाम पर सिर्फ बाहर की दीवारों पर लिपाई-पुताई ही कर दी जाती है।

# सिपाही द्वारा थाने की पूजा करने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

- लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे पूजा का वीडियो तेलीबांधा थाने का
- टीआई बोले सिपाही थाने की नियमित पूजा करता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाने का सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक सिपाही थाने की गेट की पूजा कर नारियल फोड़ते दिख रहा है। नारियल फोड़ने तथा पूजा करने को लेकर लोग सोशल मीडिया में तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। सोशल मीडिया के यूजर इसे अपराध से जोड़ते हुए थाने की शुद्धिकरण कराने की बात कह कमेंट कर रहे हैं।

थाने की पूजा करने वाले वीडियो को लेकर पुलिस के आला अफसरों से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि जिस सिपाही का पूजा करने का वीडियो ▶▶|शेष पेज 13 पर




## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# चार सौ बच्चों की जांच कर सत्य साईं हास्पिटल ने मनाया विश्व हृदय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बलरामपुर जिले में दो दिवसीय शिविर, 60 में जन्मजात रोग की पुष्टि
- 6 सदस्यीय टीम में शामिल थे जूनियर डॉक्टर एवं नर्सेज



नवा रायपुर के कैशलेस हास्पिटल के नाम से विख्यात श्री सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल ने चार सौ बच्चों की जांच कर अनोखे तरीके से विश्व हृदय दिवस मनाया। बलरामपुर जिले में लगाए गए दो दिवसीय शिविर में एचडी स्टेथ और ईको कार्डियोग्राफी के माध्यम से जांच में 60 बच्चों की जन्मजात बीमारी का पता लगाया। जिला प्रशासन के सहयोग से सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर एवं शंकरगढ़ और जिला अस्पताल बलरामपुर में शिविर लगाया गया था। टीम का नेतृत्व में अस्पताल के बच्चों के हृदय रोग के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ योगेश साठे एवं प्रबंधक एस. जगदीश राव ने किया। उनके साथ 6 सदस्यीय टीम में जूनियर डॉक्टर एवं नर्सेज शामिल थे। कैम्प में जिला कलेक्टर आर. एक्का एवं सरगुजा लोकसभा क्षेत्र ▶▶|शेष पेज 13 पर


भारतीय जनता पार्टी- जिन्दाबाद
हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे
समर्पित कार्यकर्ता, निपुण संगठनकर्ता,
सरल व्यक्तित्व प्रेरणास्त्रोत, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा
क्षेत्र के विधायक एवं
प्रदेश के यशस्वी मा. स्वास्थ्य मंत्री
आदरणीय
श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
एवं बधाई..
1 अक्टूबर
जीवेत शरदः शतम्
विनीत :- समस्त हनुमान भक्त बागेश्वर धाम परिवार
शुभेच्छु : समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, मनेन्द्रगढ़ विधानसभा - 02

हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अक्टूबर 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



अपनों ने किया बेघर तो युवा-समाजसेवी....

## सिटी इवेंट

## स्टूडेंट्स ने बनाए ग्रीन वॉरियर रोबोटेक क्लब, करेंगे प्रयोग



**रायपुर**। मैट्स विश्वविद्यालय में विभिन्न क्लब के विद्यार्थियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इसमें विभिन्न विभागों के छात्रों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मैट्स विश्वविद्यालय के विभिन्न स्तर के क्लबों के लिए छात्रों के उन्मुखीकरण पर केंद्रित था। इसमें मैट्स ओरेटर्स क्लब, मैट्स टेक इनोवेटर्स क्लब, मैट्स क्रिएटिव क्लब, मैट्स स्टार्टअप क्लब, मैट्स ग्रीन वॉरियर्स, मैट्स वेलनेस सर्कल, मैट्स स्पोर्ट्स क्लब, मैट्स लेंसमास्टर्स, मैट्स आउटरीच पहल, मैट्स रोबोटेक क्लब शामिल रहे। ये क्लब विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे तथा विश्वविद्यालय तथा बाहर की सर्वांगीण गतिविधियां संचालित करेंगे।

### कार्यों का वर्गीकरण

क्लब के आधार पर छात्रों के कार्यों का वर्गीकरण किया गया है। रोबोटेक क्लब के छात्र वैज्ञानिक क्षेत्र में प्रयोग सहित रोबोटिक्स संबंधित कार्य करेंगे। इसी तरह ग्रीन वॉरियर्स क्लब पर्यावरण बचाने में सहयोग करेंगे। शपथ ग्रहण में कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो.केपीयादव, रजिस्ट्रार गोकुलानंद पांडा सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं अध्यापकगण तथा विभिन्न संकाय सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने प्रेरक शब्दों से विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा क्लब के पदाधिकारियों एवं छात्रों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण मैट्स विश्वविद्यालय के रायपुर कैंपस में अयोजित किया गया।

## कैंपस इवेंट

## कलात्मक पक्ष को अभिव्यक्त करते हुए बताए पोषण लाभ





**रायपुर**। डिग्री गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की सभी संकाय के छात्राओं के लिए रखी गई थी, जिससे वे अपने कलात्मक पक्ष को अभिव्यक्त करते हुए पोषण का ध्यान रख सकें। इस कार्यक्रम में बीए, बीएससी, बीकॉम की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉ.कल्पना पॉल एवं डॉ.रश्मि दुबे उपस्थित रही।

### पूजा और राधिका विजेता

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम पूजा यादव रही। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पूजा ने पोस्टर के जरिए पोषण की महत्ता सरल तरीके से बताई। द्वितीय स्थान मनीषा प्रधान को मिला। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम राधिका लोंढे और द्वितीय मयंक नाडंगे रहीं। प्रतिभागी छात्राओं के अलावा अन्य छात्राओं ने भी तैयार किए गए पोस्टर का निरीक्षण किया। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.रश्मि मिंज, डॉ.वासु वर्मा, डॉ.अलका वर्मा, डॉ.रेखा दीवान, ज्योति मिश्रा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लाइव इवेंट

## ट्रिपलआईटी की साइबर कमांडो ट्रेनिंग पुलिस अधिकारी सीख रहे नई तकनीक



**रायपुर**। ट्रिपलआईटी द्वारा साइबर कमांडो को विशेष तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गृहमंत्रालय नई दिल्ली और छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराधों से निपटने के लिए उन्नत कौशल से लैस करना है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रदीप गुप्ता, एडीजीपी छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए पुलिस अधिकारियों को डिजिटल फोरेंसिक, साइबर अपराध जांच तकनीकों और उभरते साइबर खतरों जैसे क्षेत्रों में व्यापक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान किया जाएगा। बढ़ती साइबर चुनौतियों का वे कुशलता के साथ सामना कर सकें, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### प्रदान किया जाएगा व्यावहारिक अनुभव

प्रतिभागियों को साइबर अपराध जांच में उपयोग किए जाने वाले नवीनतम उपकरणों और तकनीकों का गहन प्रशिक्षण प्राप्त होगा। व्यावहारिक अनुभव के अंतर्गत अभ्यास शामिल रहेगा। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ मार्गदर्शन का सत्र भी रखा गया है। इसमें क्षेत्र के प्रख्यात विशेषज्ञ प्रतिभागियों के साथ अपने अंतर्दृष्टि और ज्ञान साझा करेंगे। साइबर सुरक्षा बढ़ाने और नागरिकों को साइबर खतरों से बचाने के लिए यह ट्रेनिंग रखा गया है।

● शहर की बड़ी सोसायटी में शुरू हुई गरबा उत्सव की तैयारी, गरबा-डांडिया संग बच्चों व महिलाओं के लिए मनोरंजक खेल

# गुजरात से आएंगे कलाकार, सिर्फ माता के गीतों पर थिरकेंगे कदम, आसमानी थीम से लेकर आतिशबाजी का आकर्षण

नवरात्रि उत्सव में सराबोर होने शहरवासी उत्सुक नजर आ रहे हैं। इस बार भी बड़ी सोसायटियों और गुजराती समाज समेत अन्य समाज में गरबा की धूम मचेगी, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। सोसायटी में तय वेशभूषा के साथ माता के गरबा गीतों पर पारंपरिक नृत्य देखने को मिलेगा। इसके लिए गुजरात से विशेष आर्केस्ट्रा पार्टी को बुलाया गया है, जो गुजरात की तर्ज पर गरबा की धूम मचाएंगे।

**रायपुर**। सोसासटी में नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना की जाएगी। साथ ही गरबा-डांडिया और बच्चों व महिलाओं के लिए मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया है। हरिभूमि ने शहर की विभिन्न सोसायटीज के पदाधिकारियों से बातचीत की और नवरात्रि पर होने वाले गरबा उत्सव की जानकारी ली। सोसायटी प्रमुख का कहना है कि नवरात्रि में नौ दिनों तक विशेष आयोजन होंगे। दूसरे राज्यों से भी कलाकारों को बुलाया है। कुछ सोसायटी में 4 तो कहीं 5 दिनों तक गरबा का आयोजन किया गया है। हर दिन अलग-अलग थीम और वेशभूषा में गरबा की प्रस्तुति होगी।





### कोटा मैदान में आसमान की थीम पर रास गरबा

युवा गणेश एवं रास गरबा उत्सव समिति की ओर से कोटा मैदान में गणेश उत्सव और गरबा उत्सव का आयोजन किया गया है। इस बार भी समिति द्वारा नवरात्रि में विभिन्न पारंपरिक परिधानों और वेशभूषा में गरबा का होगा। 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस नवरात्रि महोत्सव का थीम इस बार "आसमान की थीम" रखा गया है। थीम के अनुसार, पूरे मैदान को सफेद बदलों के रंग में रंगा जाएगा, जो बच्चों और परिवारों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेगा। 10 अक्टूबर तक रास गरबा और डांडिया होगा। यहां कोटा और आसपास के क्षेत्रों के लोग पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया का आनंद ले सकते हैं। हर रोज सैकड़ों लोग गरबा की ताल पर थिरकते नजर आएंगे। समिति ने बताया कि दशहरे के दिन 12 अक्टूबर को विशेष रूप से 20 फीट ऊंचा रावण के पुतले का दहन के साथ में "शिवाकशी की रंगबीरंगी आतिशबाजी" का भव्य प्रदर्शन होगा।

### आरडीए कॉलोनी में केवल माता के गीतों पर गरबा

फाफाडीह चौक स्थित गुजराती समाज के सामाजिक भवन में इस बार भी पारंपरिक तरीके से आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। यहां केवल समाज से जुड़े सदस्य हिस्सा ले सकेंगे। समाज के सदस्य जयंत पटेल ने बताया कि गुजराती भवन में माता के गीतों पर गरबा किया जाएगा। भजन मंडली 9 दिनों तक विशेष प्रस्तुति देगी।

### यहां भी होंगे आयोजन

- देवेंद्र नगर स्थित पाटीदार भवन में भी गरबा की धूम रहेगी। हर दिन अलग-अलग थीम पर गरबा होगा।
- श्रीनगर में समाज के भवन में ढोल की थाप के साथ सॉक्सोफोन और सिंथेसाइजर सहित अन्य वाद्ययंत्रों की धुन पर गरबा नृत्य करेंगे।
- टिकरापारा के आरडीए कॉलोनी में भी न्यू गुजराती मित्र मंडली ने भी गरबा का आयोजन की है। यह 29वां वर्ष है। यहां रात 8 से 11 बजे तक रास गरबा चलेगा।

### मारवाड़ी समाज में पंचमी से गरबा उत्सव

मारवाड़ी समाज युवा विंग इस बार लालपुर में फ्री-स्टाइल गरबा का आयोजन कर रहा है। विंग के प्रमुख पी.चौधरी ने बताया कि पंचमी से गरबा उत्सव शुरू होगा, जो चार दिनों तक चलेगा। पहले दिन गरबा के पारंपरिक गीतों पर नृत्य करेंगे। इसके बाद दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य होगा। तीसरे दिन फ्री-स्टाइल गरबा होगा। इसमें हिंदी के माता के गीतों पर गरबा करेंगे। फ्री-स्टाइल गरबा होने के कारण सभी अपने अनुसार गरबा कर सकेंगे। प्रवेश के लिए पास जारी किया जाएगा।

### महिलाएं कर रही हैं अभ्यास

*अमलीडीह स्थित प्रियूष कॉलोनी में महिलाओं ने रास गरबा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। समिति की मुस्कान जगयाशी ने बताया कि 25 महिलाएं बीते दो सप्ताह से गरबा को लेकर अभ्यास कर रही हैं। कॉलोनी के साथ-साथ अन्य जगहों पर भी रास गरबा का आनंद लेंगे। पहले दिन से ही गरबा का उत्सव शुरू हो जाएगा।*

### बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं

*टाटीबंध स्थित स्काई सिटी में इस बार पारंपरिक गरबा को ध्यान में रखते हुए गुजरात से ही आर्केस्ट्रा पार्टी को बुलाया गया है, जिसमें गायक और वाद्ययंत्रों की धुन पर गुजरात की तर्ज पर गरबा की प्रस्तुति दी जाएगी। यहां बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। पांच दिनों तक गरबा उत्सव मनाया जाएगा। सोसायटी में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रखा गया है। वॉलफोर्ट सिटी में हर दिन अलग-अलग थीम पर गरबा होगा। सोसायटी में मां की स्थापित की जाएगी। यहां प्रतिदिन जगराता व भजन मंडली प्रस्तुति देंगी। प्रतिवर्ष नवरात्रि का उत्सव सभी धर्म के लोग एक साथ मिलकर मनाते हैं। महिलाओं के लिए मनोरंजक खेल व नृत्य का आयोजन किया गया है।*

# पीएससी मेंस 2023 के परिणाम जारी, 703 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिए चयन, 242 पदों पर होगी भर्ती

### फरवरी में आयोजित की गई थी मुख्य लिखित परीक्षा, 3597 अभ्यर्थियों का हुआ था चयन

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 के मुख्य परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए हैं। मुख्य परीक्षा के परिणाम के अनुसार 703 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा-2023 के अंतर्गत 17 विभिन्न सेवाओं के लिए 242 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। प्रारंभिक परीक्षा परिणाम के आधार पर 3 हजार 597 अभ्यर्थियों का चयन राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2023 के लिए किया गया था, जो 24 से 27 जून 2024 तक आयोजित की गई थी।



**सहायक मार्शल के प्रवेशपत्र जारी:** इसके अलावा व्यापम ने विधानसभा सहायक मार्शल के लिए भी प्रवेशपत्र जारी कर दिए हैं। व्यापम ये परीक्षा 6 अक्टूबर को लेगा। दोपहर 2 से 4.15 बजे तक यह परीक्षा ली जाएगी। विस्तृत जानकारी व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी व्यापम और चिप्स की वेबसाइट के साथ ही भेजे मैसेज में दिए गए लिंक के जरिए भी प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### व्यापम 6 को लेगा प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा

*व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा स्थगित की गई प्रयोगशाला तकनीशियन भर्ती परीक्षा अब 6 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेशपत्र सहित अन्य संबंधित जानकारी व्यापम ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है। पूर्व में व्यापम द्वारा यह परीक्षा 29 सितंबर को आयोजित की जाने वाली थी, जिसे विभिन्न कारणों से स्थगित कर दिया गया था। अब व्यापम ने इसके लिए नई तिथि जारी कर दी है। पूर्व में जारी कई परीक्षा केंद्रों में बदलाव किया गया है। इसकी जानकारी भी व्यापम ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है।*

### एक दिन पहले होगा दस्तावेज सत्यापन

मुख्य परीक्षा के परिणाम आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। साक्षात्कार की तिथियां और विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी। सभी चयनित अभ्यर्थियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** पर विज्ञापित पदों की अग्रमान्यता ऑनलाइन दर्ज करनी होगी, जिसके लिए तिथि बाद में घोषित की जाएगी। साक्षात्कार में सम्मिलित होने से पहले अभ्यर्थियों को उनके निर्धारित साक्षात्कार तिथि से एक दिन पूर्व अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में करवाना अनिवार्य होगा। बिना दस्तावेज सत्यापन के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## जेसीआई इंडिया की डायमंड जुबली शहर के चेतन पुरस्कृत

**रायपुर**। जेसीआई इंडिया के द्वारा जेसीआई संस्था के भारत में गठन के पूरे 75 वर्ष होने पर कोलकाता में डायमंड जुबली सेलिब्रेशन आयोजित किया गया। इस आयोजन में रायपुर के सीए चेतन तारवानी को सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए दिया गया। वे वर्ष 2009 में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं वर्ष 2005 में मंडल सदस्य थे। जेसीआई इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित देशभर से आए जेसीआई सदस्य इस सम्मेलन का हिस्सा बने। विभिन्न क्षेत्रों से आए जेसीआई सदस्यों ने अपने प्रांतों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की।



जिप लाइन, जिप साइकलिंग के साथ बच्चों के लिए किड्स एम्यूजमेंट

# मरीन ड्राइव में रिक्रिएशन जोन एरिया, एडवेंचर पार्क की शुरूआत 25 से, रॉक क्लाइबिंग का रोमांच, लेजर शो भी

कार्नर न्यूज

**रायपुर**। राजधानी के तेलीबांधा सरोवर में रिक्रिएशन जोन विकसित करने वाली एजेंसी अब बच्चों व बड़ों के लिए एडवेंचर पार्क की सुविधा विकसित करने जा रही है। 25 अक्टूबर से इसकी शुरूआत होगी। जिसमें वॉटर बॉडी क्रॉस करने वाली अनोखी जिप लाइनिंग, जिप साइकलिंग और जिप रोलर गतिविधियां आकर्षण का केन्द्र बनेगी। इसके अलावा तेलीबांधा तालाब के पानी के ऊपर तैरता फ्लोटिंग वॉक वे बनेगा। जहां से लोग तालाब की खूबसूरती की सेल्फी ले पाएंगे। बच्चों के लिए किड्स एम्यूजमेंट में किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स, जिप रोलर व आकर्षक झूले भी होंगे।







### एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने फ्लोटिंग डेक

मेट्रो सिटी की तर्ज पर शहर के तेलीबांधा तालाब के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने फ्लोटिंग डेक बनेगा। इसके साथ ही गार्डन एरिया में एक एडवेंचर टॉवर बनाया जा रहा है। यह टॉवर 60 फीट ऊंचा होगा। इसे लैंडिंग टॉवर का नाम दिया जा रहा है। जहां से आने वाले दिनों में लोग तालाब का सुंदर नजारा देख पाएंगे। तेलीबांधा तालाब स्थित गार्डन के एंट्री पाइंट में कार्निवाल गेम्स, वॉल गेम्स, वालिंग बैलून शुरू किया गया है। रिक्रियेशन जोन विकसित करने वाली ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और एंटरटेनमेंट टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया जा रहा है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को और बढ़ाने शुरू की जा रही है। जिसमें स्वचालित रैपलिंग, रॉक क्लाइबिंग का रोमांच महसूस होगा।

### 25 लोकेशन पर बनेगा सेल्फी जोन

पानी के उपर फ्लोटिंग डेक में बैठकर बच्चों व परिवार के साथ सुंदर तस्वीर खींचने की सुविधा देने तेलीबांधा तालाब के चारों ओर अलग-अलग लोकेशन पर 25 सेल्फी जोन बनाये जाएंगे, जो अपने आप में अनूठा रहेगा। फ्लोटिंग डेक को डिजिटल कर सेल्फी जोन को सेटेलाइट से जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अलावा स्नो वर्ल्ड और लेजर लाइट तकनीक का प्रदर्शन किया जायेगा।



### जिप लाइन में स्टील केबल की सवारी

छत्तीसगढ़ की पहली लेक वाटर बाडी क्रास करने वाली अनोखी जिप लाइनिंग में स्टील केबल की सवारी के माध्यम से तेलीबांधा झील के शानदार हवाई दृश्य दिखाई देंगे। इसमें 2 लेन होगी। जिससे 2 लोग एक बार में इस अनोखी गतिविधि का आनंद ले सकेंगे। जिप साइकिल में एक अनोखी हवाई साइकिल जिप लाइन भी एडवेंचर टॉवर से शुरू होगी और लोग आसमान में एक अनोखी हवाई साइकिल के माध्यम से लेक क्रास कर पायेंगे।

## सिटी लाइव

# निरक्षरों को पढ़ाने स्वयंसेवी शिक्षकों की लगी स्पेशल क्लास



**रायपुर।** निरक्षरों को पढ़ाने से पहले स्वयंसेवी शिक्षकों को पढ़ाने का गुर सिखाने के लिए एक दिनी प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। जिले के स्वयंसेवी शिक्षकों को शासकीय सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी बस्ती में सोमवार को प्रशिक्षण दिया गया। परियोजना अधिकारी डॉ. कामिनी बावनकर ने साक्षरता केन्द्र का संचालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सहायक परियोजना अधिकारी सीएल शर्मा ने निरक्षरों को साक्षर बनाने का तरीका भी बताया। डाइट के सहायक प्राध्यापक छबिराम साहू ने शिक्षा, योग के मेल व गीत गाकर खेल-खेल में निरक्षरों को साक्षर बनाने के उपाय बताए।

### दीदी ओ दाई... के जरिए करेंगे जागरूक

प्रधान पाठिका रंजना ने सहायक शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन करते हुए सरलता से अक्षर ज्ञान कराने की तकनीक साझा की। निरजला धीवर ने दीदी ओ दाई ओ...पढ़ना-लिखना हे जरूरी... गीत गाकर पढ़ाई के लिए प्रेरित करने का तरीका बताया। साक्षरता के लिए निरक्षरों को साक्षरता केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया। एक दिनी प्रशिक्षण में सभी को उल्लास बैच से सम्मानित किया गया। साक्षरता कक्षाओं में गतिविधियों का संचालन कैसे करना है यह भी शिक्षकों को बताया गया।

## कैंपस लाइव

# पत्रकारिता विवि संग शोध करेगा कृषि विवि, साझा करेंगे तथ्य



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के समापन के अवसर पर "कृषि पत्रकारिता में हिन्दी की भूमिका" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा थे। प्रो.शर्मा ने कहा कि भारत की अधिकांश आबादी कृषि पर आश्रित होने के कारण यहां की अर्थव्यवस्था में कृषि का बहुत महत्व है। अधिकांश आबादी के संवाद की भाषा हिन्दी होने के कारण यहां हिन्दी कृषि पत्रकारिता की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। विशिष्ट वक्ताओं के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शशांक शर्मा, समीर दीवान तथा प्रफुल्ल पारे ने कृषि के विद्यार्थियों के लिए कृषि पत्रकारिता की संभावनाओं, अवसरों एवं चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

### अखिल भारतीय प्रतियोगिता में रायपुर की दीक्षा प्रथम

संगोष्ठी का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं राजभाष हिन्दी प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विवि तथा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विवि के बीच शिक्षा एवं अनुसंधान में परस्पर सहयोग करने के लिए एक एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया। समारोह में कृषि के नवीनतम ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को किसानों एवं आम जनता तक पहुंचाने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। इनमें चंदन साहू, संदीप तिवारी एवं सुधीर उपाध्याय शामिल रहे। अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कृषि विवि की शोधार्थी छात्रा दीक्षा को भी इस मौके पर सम्मानित किया गया।

## आराधना

# मंदिर में भगवान की स्थापना लेकिन भूल गए मन में बैठाना



**रायपुर।** मंदिर में तो भगवान की प्रतिष्ठा बहुत की, लेकिन मन में कभी भगवान की स्थापना नहीं कर पाए। अब तक भगवान को जाना ही नहीं, तो मानेंगे भी कैसे? आज हर आदमी इतना दुखी और परेशान है कि उसके मन की तकलीफ चेहरे से साफ झलकती है। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में सोमवार सुबह चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान श्री विराग मुनि द्वारा कही इस बात ने धर्मसभा में मौजूद लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, भगवान महावीर ने भी अनार्य देश में जाने कैसी-कैसी यातनाएं सही, लेकिन उनके चेहरे के भाव जरा भी नहीं बदले। परेशानियों से छुटकारा पाना हो तो मन में हर पल परमात्मा से संवाद करिए।

### वैराग्य भौतिक सुखों को छोड़ने का नाम नहीं

जैन रामायण का उदाहरण देते हुए उन्हेंने कहा कि बाली ने राजा बनकर, जबकि सीता ने अपनी पवित्रता साबित करने के बाद भी संसार को त्याग दिया। ये बताता है कि वैराग्य केवल भौतिक सुखों को छोड़ने का नाम नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धता की खोज है। मौजूदा समाज की हालत बताते हुए मुनिश्री ने कहा कि जब वैराग्य की बात आती है, तो लोग अक्सर दूसरों के कंधों पर बंदूक रखकर गोली चलाते हैं। 'मेरी प्रबल इच्छा है, लेकिन परिवार वाले नहीं मानते' जैसी बातें सिर्फ बहाने हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक बार मन में सच्चा भाव जागृत हो जाए, तो कोई भी ताकत आपको वैराग्य धारण करने से नहीं रोक सकती।

● विश्व वृद्ध दिवस आज : राजधानी में बेसहारा बुजुर्गों की सेवा कर रही संस्थाएं, ताकि कम हो सके दर्द

# अपनों ने किया बेघर तो युवा-समाजसेवी बने सहारा बुजुर्ग माता-पिता को दे रहे घर जैसी सुविधा व प्यार

वक्त हमेशा एक जैसा नहीं होता है। इसका अंदाजा वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को देखकर लगाया जा सकता है। जिन बच्चों के लिए वे रात-दिन मेहनत करते रहे, उन्हीं औलादों ने शरीर ढलने के बाद बेघर कर दिया। अपनों से मिले दर्द को सीने में लिए यहां-वहां भटकने और मौसम की मार झेलने वाले बेसहारा बुजुर्गों की सेवा करने वाले युवाओं और समाजसेवियों की कमी इस शहर में नहीं है।

**रायपुर।** किसी ने अपने घर को ही बुजुर्गों का आशियाना बना दिया, तो कोई किराए के मकान में उनकी सुध ले रहा है। ऐसे बुजुर्गों की सेवा के लिए ऐसे कई सहयोगी सामने आते हैं, जिनकी भागीदारी से वृद्धजनों को सहारा मिलता है।



### अपने घर को ही बनाया वृद्धाश्रम

टिकरापारा में जहां अभी चितवन वृद्धाश्रम का संचालन हो रहा है, वहां 2014 से पहले समाजसेवी राजेश अग्रवाल का निवास हुआ करता था। जब वे सिविल लाइन स्थित अपने नए मकान में शिफ्ट हुए, उन दिनों सड़क पर बेसहारा बुजुर्गों को देखते हुए उन्होंने अपने घर को वृद्धाश्रम बनाने का निर्णय लिया। इसमें 20 बुजुर्ग माता-पिता निवास करते हैं। उनको रहने, खाने, कपड़े ही नहीं बल्कि इलाज की सुविधा भी समाजसेवी श्री अग्रवाल देते हैं। वृद्धाश्रम के मैनेजर प्रशांत पांडेय ने बताया कि यहां रहने वाले बुजुर्गों की सेवा के लिए वालेंटियर्स की टीम बनाई गई है। जो उन्हें समय-समय पर मंदिर, गार्डन के साथ ही मनोरंजन की सुविधा भी देते हैं। बुजुर्गों को अपने घर पर भोजन के लिए भी लेकर जाते हैं, साथ ही हर खुशी उनके साथ ही मनाते हैं।



### किराए के मकान में दे रही सेवा

कहते हैं अगर किसी के मन में सेवा की भावना हो, तो संसाधन मायने नहीं रखते हैं। कुछ इसी तरह की स्थिति में 10 साल विभिन्न वृद्धाश्रमों में सेवा देने के बाद तृप्ति लुनिया ने सड़क पर बेपरवाह घूमने वाले बुजुर्गों को सहारा देने का मन बनाया। उन्होंने बताया कि जब पहली बार एक बुजुर्ग को अपने घर लेकर आई तो नई चुनौती का सामना करना पड़ा। एक-एक करके बुजुर्ग बढ़ने लगे तो दावड़ा कॉलोनी में ही किराए का मकान लेकर वहां बुजुर्ग माता-पिता की सेवा जन सहयोग से करने लगी। घर छोड़कर निकले 52 बुजुर्गों को परिवार तक पहुंचाने में भी सफल हुई। अच्छी बात यह है कि आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन को सहयोग के लिए लोग भी आते हैं। इससे 10 बुजुर्गों की सेवा में किसी तरह की परेशानी नहीं आती है, वे भी खुश रहते हैं।



### 35 साल पहले की गई थी पहल

माना में रहने वाले पांच दोस्तों ने मिलकर 35 साल पहले बुजुर्गों की सेवा के लिए वृद्धाश्रम शुरू करने का मन बनाया। इसके बारे में छत्तीसगढ़ बाल-वृद्ध कल्याण परिषद के सचिव विमल घोषाल ने बताया कि इस आश्रम को जब शुरू किया गया, तब लोग सरोकार से जुड़े काम करने वालों को तवज्जो नहीं दिया करते थे। अभी संस्था का संचालन स्व. कुलदीप निगम स्मृति में किया जा रहा है। यहां रहने वाले 20 से ज्यादा बुजुर्गों का संस्था ने अंतिम संस्कार किया है। वहीं आश्रम में रहते हुए 10 बुजुर्ग माता-पिता ने अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज को दान देने की घोषणा की थी। उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए संस्था ने उनका देहदान भी करवाया। यहां रहने वाले बुजुर्गों की सेवा के लिए स्टाफ रखा गया है, जो उनकी रोज देखभाल करते हैं।

# सुगम गायन संग शास्त्रीय नृत्य से जगाई स्वच्छता की अलख

**रायपुर।** रायपुर रेल मंडल की ओर से अंतरमंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'गंग-तरंग' के अंतर्गत शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, लोक गीत, लोक नृत्य, फिल्मी गीत, फिल्मी नृत्य, सुगम गायन एवं सुगम वादन प्रतियोगिता का आयोजन 'उल्लास' रेल अधिकारी क्लब रायपुर में किया गया। 'स्वच्छता की प्राथमिकता' विषय भी कार्यक्रम का हिस्सा रहा। मुख्य अतिथि दपूम रेलवे के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. दर्शनीता व विशिष्ट अतिथि मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार उपस्थित रहे। मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग ने प्रतियोगिता की थीम 'गंग तरंग' का अर्थ बताते हुए कहा कि मां गंगा की वो तरंग जो जीवन में स्वच्छता और कला की उमंग जगा दे। प्रतियोगिता में दपूम रेलवे के अंतर्गत कार्यरत 158 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने अपनी भागीदारी निभाई।

रेलवे अधिकारियों ने दिखाई प्रतिभा






### एकल गीत से स्वच्छता का संदेश

समापन समारोह में स्वच्छता ही सेवा पर आधरित प्रहसन 'एक खत बाकी है' का मंचन किया गया। स्वच्छता एकल गीत की प्रस्तुति के माध्यम से 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' का संदेश भी दिया गया। प्रतियोगिता की सभी विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। निर्णायक के रूप में कलाकार नारायणदत्त केहरी, वंदना गोखले, जे. सुधा परिमाला, प्रांजल सिंह राजपूत एवं गितिका डोंगरे उपस्थित रहे। मंडल सांस्कृतिक सचिव अवधेश त्रिवेदी, निकिता अग्रवाल सहित अन्य शामिल हुए।

# इंजीनियरिंग छात्रों संग प्राध्यापकों ने मिलकर साफ किया शिवरीनारायण



**रायपुर।** एनआईटी में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ये 2 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एनआईटी के उन्नत भारत अभियान क्लब ने अभियान के अंतर्गत शिवरीनारायण, जांजगीर-चापा में एक सफाई अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया। डॉ. सुधाकर पांडे के मार्गदर्शन में छात्रों ने यहां सफाई अभियान चलाया। फैकल्टी मेम्बर्स एवं छात्र उपस्थित रहे। इस दौरान सहयोग के लिए एक टीम भी मौजूद रही जिसमें डॉ.एच.बिक्रोल, डॉ.सुवेंदु रूप, डॉ.आचार्य, डॉ.टीपी साहू और डॉ.दीपिका अग्रवाल शामिल रहे।

### एकत्र किए प्रदूषक

यह स्वच्छता अभियान महानदी के शिवरीनारायण के घाट से शुरू हुआ, जहां छात्रों और शिक्षकों ने शबरी धाम के घाटों को साफ किया। उन्होंने प्लास्टिक कचरा, मलबा और अन्य प्रदूषक इकट्ठा किए और साथ ही साथ स्थानीय लोगों के साथ स्वच्छता की शपथ ली। यह प्रयास न केवल सफाई के लिए था, बल्कि स्थानीय लोगों के बीच स्वच्छ जल निकायों और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी था। इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने शिवरीनारायण के मंदिरों का भी दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ संवाद कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और सफाई के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को उजागर किया।

## नगर निगम बढ़ा रहा है सामाजिक संस्थाओं का उत्साह



**रायपुर।** नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों से रायपुर नगर निगम स्वच्छ भारत अभियान की उत्कृष्ट रैंक की ओर बढ़ रहा है। सफाई में सहयोग देने वाली सामाजिक संस्थाओं को नगर-निगम द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा का सम्मान सभापति नगर निगम प्रमोद दुबे द्वारा किया गया। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ.सुरेश शुक्ला व उनकी कार्यकारिणी को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थाओं में से एक के रूप में शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैलाश तिवारी, संगम लाल त्रिपाठी, राजेश मिश्र, रामहृदय तिवारी, आरएलद्विवेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

अग्रसेन जयंती : छोकरा नाला में महोत्सव के लिए सजाए गए मंच पर प्रस्तुति

# तीन पीढ़ियां एक साथ, आभूषण निर्माण से लेकर रैंपवॉक में दी टक्कर, राम-लक्ष्मण के संवाद कर गए भावुक

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के लिए छोकरा नाला स्थित अग्रसेन धाम में तैयारी का क्रम विगत तीन दिनों से चल रहा था। यहां सोमवार को दोपहर तीन बजे से शाम 6 बजे तक महिला मंडल और युवती मंडल को कई तरह की प्रतियोगिता के लिए मंच मिला। मोहल्ला समिति की महिलाओं के साथ ही युवती मंडल की प्रथम विजेताओं को प्रतियोगिता का हिस्सा बनाया गया। इसमें सबसे पहले महिला मंडल के लिए हल्दी समारोह की ज्वेलरी तैयार करने की प्रतियोगिता रखी गई। पीले आर्टिफिशियल फूल और सफेद मोती से उन्हें तीन आयटम बनाने के लिए 45 मिनट का समय मिला। इसमें हर किसी ने अपनी तरफ से भी बेस्ट करने का प्रयास किया। विजेता रहने वाले प्रतिभागियों का सम्मान मुख्यमंत्री करेंगे। तीन अक्टूबर तक चलने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और राजेश अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने समाज के लोगों को इस महोत्सव के लिए बधाई देते हुए कहा कि सभी के सहयोग और प्रयास से इस जयंती में हजारों की तादाद में लोग शामिल होते हैं।





### हमारा नेता कैसा हो...

*किसी भी नेता के गेटअप में 12 वर्ष तक के प्रतिभागियों को अपना हुनर दिखाने के लिए मंच दिया गया। इनके लिए दो मिनट का समय चर्चित नेता की तरह मंच पर आने के बाद प्रस्तुति देने के लिए था। वहीं 6 साल के बच्चों के लिए रैम्पवॉक करने के लिए दो मिनट का समय दिया गया। इसमें कोई सीएम, तो कोई पीएम के अंदाज में मंच पर आया। लोग राम, कृष्ण सहित कई रुप धरकर लोगों के सामने आए। बच्चों की उपस्थिति व उनके द्वारा अनोखे अंदाज में दी गई प्रस्तुति को हर किसी ने सराहा।*

### नाट्य मंचन में साउंड और स्पेशल लाइट इफेक्ट्स

मुंबई के कलाकारों द्वारा 'मैं अयोध्या हूं' की दी गई प्रस्तुति सोमवार को खास रही। निर्माता योगेश अग्रवाल और निर्देशक प्रदीप गुप्ता ने त्रेतायुग से सन 2024 मंदिर निर्माण तक की अयोध्या का जीवंत चित्रण साउंड एवं लाइट शो के माध्यम से किया। इस नाटक को देखने के लिए बैठे लोगों ने भी अंत तक देखने के बाद ही जगह छोड़ी। राम, लक्ष्मण और हनुमान के संवादो ने लोगों को प्रभावित किया। रोचक अंदाज में कलाकारों की प्रस्तुति को देखने के बाद लोगों ने इसकी तैयारी और मेहनत को भी सराहा। महोत्सव में तीन पीढ़ी के लोग दर्शक दीर्घा में मौजूद रहे। करीब एक घंटे की इस प्रस्तुति में रोचक अंदाज और संवादों से कलाकारों ने प्रभावित किया।

विविध

## दुर्गा पूजा के लिए पहनें लाल और सफेद डिजाइन वाली साड़ियां



फेस्टिव सीजन में अक्सर महिलाएं साड़ी पहनकर उनको अपने तरीके से स्टाइल करती हैं। वहीं दुर्गा पूजा के लिए महिलाएं बंगाली साड़ी भी पहनती हैं लेकिन क्या आप जानती हैं कि अगर बंगाली साड़ी को सही तरीके के साथ स्टाइल नहीं किया गया तो ये आपका लुक बिगाड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं कि आप किस तरह से बंगाली साड़ी को ड्रेप कर सकती हैं और बिना कंफ्यूज हुए कैसे इसे स्टाइल कर सकती हैं।

### इस तरह से करें ड्रेपिंग

अगर आप पहली बार बंगाली साड़ी पहन रहीं हैं तो आप इसे कुछ इस तरह से ड्रेप करें। ऐसा इसलिए क्योंकि ये ड्रेपिंग बंगाली स्टाइल को दर्शाती हैं। वहां रहने वाली लगभग सभी महिलाएं कुछ इस तरह से ही साड़ी को ड्रेप करती हैं। अगर आप सिंपल स्टाइल से ही ड्रेप करना चाहती हैं तो वो भी कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप लाल रंग के बॉर्डर वर्क वाली सफेद साड़ी ही खरीदे ताकि आपका लुक पूरी तरह से मैच हो पाएं।

### इस तरह का चुनें मेकअप

मेकअप के लिए आप स्मोकी आई मेकअप को चुन सकती हैं। स्मोकी आई मेकअप के साथ लिप कलर के लिए न्यूड कलर को ही चुनें। आप चाहे तो आई मेकअप को न्यूड चुन सकती हैं और लिपस्टिक कलर के लिए बोल्ड रेड कलर को चुन सकती हैं। लुक को कंप्लीट करने के लिए आप बड़े साइज वाली बिंदी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ध्यान रहे कि आप कलर का चुनाव अपनी स्किन टोनको ध्यान में रख कर ही करें ताकि आपका लुक बेहद खिलकर दिखाई देने लगे।

### इस तरह की चुनें ज्वेलरी गोल्डन कलर बेहतर

अगर आप लाल रंग के बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहन रही हैं तो आप ज्वेलरी के लिए गोल्डन कलर के वर्क में ही कुछ चुनें। इस तरह की साड़ी के साथ आप गोल्ड वर्क वाला चोकर तथा रानी हार चुन सकती हैं। साथ ही चूड़ियां भी गोल्डन कलर या लाल रंग में चुन सकती हैं। इयररिंग्स के लिए झुमकी स्टाइल में ही कुछ चुनें ताकि आपका लुक पहनी हुई साड़ी को बेहद खूबसूरती के साथ कॉम्प्लीमेंट करें।

## सभी भारतीय महिलाओं को अपनाने चाहिए ये फैशन टिप्स रोज दिखेंगी सुंदर और आकर्षक



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में हर महिला चाहती है कि वह कम से कम समय में सुंदर और स्टाइलिश दिखे। मिनिमलिस्ट फैशन का मतलब है, कम कपड़ों और गहनों के साथ भी बेहतरीन लुक पाना। यह न केवल समय बचाता है, बल्कि आपको आरामदायक भी महसूस कराता है। आइए जानते हैं कुछ आसान और प्रभावी मिनिमलिस्ट फैशन टिप्स, जो आपके रोजमर्रा के फैशन को अधिक आकर्षक और खास बना सकते हैं इन्हें अपनाकर आप बेहद खूबसूरत दिखाई देंगी।

### खूबसूरत कुर्तियों का करें चुनाव

हर महिला की अलमारी में कुछ आरामदायक और आकर्षक कुर्तियां जरूर होनी चाहिए। ये कुर्तियां न केवल आरामदायक होती हैं, बल्कि इन्हें किसी भी अवसर पर पहना जा सकता है। सूती या खादी की कुर्तियां गर्मियों में ठंडक देती हैं और सर्दियों में स्वेटर या जैकेट के साथ पहनी जा सकती हैं। सफेद, काले, नीले जैसे रंगों की लंबी कुर्तियां हमेशा चलन में रहती हैं और इन्हें आसानी से किसी भी कपड़े के साथ स्टाइल किया जा सकता है।

### प्लेन सलवार-कमीज भी दिखेगी आकर्षक

प्लेन सलवार-कमीज एक ऐसा विकल्प है, जो कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता। इसे आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं, चाहे वह ऑफिस जाना हो या किसी समारोह में शामिल होना हो। प्लेन सलवार-कमीज को आप दुपट्टे या स्टोल के साथ स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक खास लगेगा। इसके अलावा, सलवार-कमीज आरामदायक होती हैं और इन्हें आसानी से धोया जा सकता है, जिससे यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन विकल्प बन जाती हैं।

### सरल तरीके से पहनें साड़ी

साड़ी भारतीय महिलाओं का पारंपरिक परिधान है। इसे पहनने के तरीके को बदलकर आप इसे मिनिमलिस्ट फैशन का हिस्सा बना सकती हैं। सूती या लिनन जैसे कपड़ों की हल्के वजन वाली साड़ियां रोजमर्रा के उपयोग के लिए बेहतरीन होती हैं। इन्हें बिना ज्यादा गहनों के साथ पहनकर आप एक साधारण लेकिन आकर्षक लुक पा सकती हैं। इसके अलावा, हल्की साड़ियां आरामदायक होती हैं और इन्हें संभालना भी आसान होता है, जिससे आपका दिनभर का कामकाज भी प्रभावित नहीं होगा।

मस्तिष्क के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए आप स्वस्थ डाइट ले सकते हैं

# इन चीजों का सेवन आज से ही करें बंद कमजोर हो सकती है आपकी याददाश्त

हमारा दिमाग हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, जो बाकी अंगों के ठीक तरह से काम करने के लिए जिम्मेदार होता है। दिमाग ही हमें चीजों को याद रखने में सक्षम बनाता है। मस्तिष्क के स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए आप स्वस्थ डाइट ले सकते हैं और आरामदायक गतिविधियां कर सकते हैं। इसके अलावा, आपको कुछ नुकसानदेह खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देना चाहिए। इन खाद्य पदार्थों के सेवन से आपकी याददाश्त कमजोर हो सकती है।



### अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ

अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ ऐसे खानों की श्रेणी है, जो अत्यधिक प्रोसेसिंग से गुजरे हैं। इन्हें इनकी प्राकृतिक अवस्था से इस हद तक बदल दिया जाता है कि ये अपने मूल पोषण तत्व खो देते हैं। इनमें आइसक्रीम, ब्रेड, बिस्कुट और पैकेट वाले सूप आदि शामिल हैं। इन खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से मस्तिष्क का स्वास्थ्य प्रधवित हो सकता है और आपकी संज्ञानातनक शक्ति घट सकती है।



### शराब

सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में 10-75 वर्ष की आयु की 14.6 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। यह एक बेहद खतरनाक नशीला पेय है, जो आपको दिमागी रूप से बीमार कर सकता है। अधिक मात्रा में या नियमित रूप से शराब पीने से मस्तिष्क विकार होने का खतरा रहता है। इसके परिणामस्वरूप आपकी याददाश्त कमजोर हो सकती है और चीजों को याद रखने में कठिनाई हो सकती है।

### अधिक वसा वाला भोजन

अधिक वसा वाला भोजन हमारे दिमाग के स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है। प्राकृतिक खाद्य पदार्थों से मिलने वाली वसा नुकसानदेह नहीं होती है, लेकिन औद्योगिक रूप से उत्पादित ट्रांस वसा शरीर के लिए हानिकारक होती है। कुछ अध्ययनों से उजागर हुआ है कि जब लोग अधिक मात्रा में ट्रांस वसा का सेवन करते हैं, तो उनमें अल्जाइमर रोग का खतरा बढ़ जाता है और उनकी याददाश्त कमजोर हो जाती है।



### चीनी से भरपूर पेय

हम सभी शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए कोल्ड ड्रिंक, सोडा या फलों के जूस का सेवन करते हैं। हालांकि, इन पेय पदार्थों में भरपूर मात्रा में चीनी इस्तेमाल होती है। चीनी युक्त पेय पदार्थों के सेवन से न सिर्फ मधुमेह और हृदय रोग का खतरा बढ़ता है, बल्कि याददाश्त भी कमजोर हो जाती है। अध्ययनों से पता चला है कि इन पेय के सेवन से मस्तिष्क में इंसुलिन प्रतिरोध होता है, जो मस्तिष्क के कार्य को प्रभावित करता है।

# पितों का आशीर्वाद पाने श्राद्ध पक्ष में निकालें पंचबली, जानिए महत्व, विधि और लाभ

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। आपको बता दें कि हर साल 15 दिनों के लिए श्राद्ध पक्ष आता है। साथ ही यह शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से शुरू होते हैं और आश्विन मास की अमावस्या तक चलते हैं। जो इस साल 18 सितंबर से आरंभ हो गए हैं और यह आज 2 अक्टूबर तक चलेंगे। वहीं 2 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या है। साथ ही आपको बता दें कि इस 15 दिनों की अवधि में लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद कर उनके निमित्त श्राद्ध कर्म करते है। मतलब जिस तिथि को पितर स्वर्गलोक गए थे, उस तिथि को ही ब्राह्मण भोज कराया जाता है। साथ ही दान- दक्षिणा दी जाती है।

### पितृ पक्ष पंचबली का विशेष महत्व

वहीं पितृ पक्ष में पंच ग्रास (पंचबली) का विशेष महत्व है। मतलब पंचबली में ब्राह्मण भोज के अलावा गाय, कुत्ता, कौआ और चीटियों आदि को श्राद्ध का भोजन निकालने का विधान है। मान्यता है कि पंचबली के भोजन से पितर प्रसन्न होते हैं। साथ ही उनकी आत्मा तृप्त होती है। वहीं वह अगर कोई कष्ट झेल रहे होते हैं, तो तर्पण श्राद्ध करने से उनको कष्टों से मुक्ति मिलती है। वहीं अगर पंचबली नहीं दी जाए तो पितृ नाराज हो जाते हैं।

### पंचबली निकालने की विधि और महत्व

श्राद्ध पक्ष में पंचग्रास के माध्यम से 5 विशेष प्रकार के जीवों को श्राद्ध का बना भोजन निकालने का विधान है। आपको बता दें कि पंचबली के लिए सबसे पहला ग्रास या भोजन गाय के लिए निकाला जाता है, जिसे शास्त्रों में गो बलि का नाम दिया गया है।

इसके बाद दूसरा ग्रास कुत्ते को निकालना चाहिए, जिसको श्वान बलि कहते हैं, फिर तीसरा ग्रास कौआ, जिसे काक बलि का नाम दिया गया है। वहीं चौथा ग्रास देव बलि होता है, जिसे जल में प्रवाहित कर दें या फिर गाय को दे दें। वहीं अंतिम पांचवा ग्रास चीटियों के लिए सुनसान जगह पर रख देना चाहिए, जिसे पिपीलिकादि बलि का नाम दिया गया है। वहीं इसके बाद ही ब्राह्मणों को भोजन भी कराने का नियम। वहीं इसके बाद ही श्राद्ध का कार्य संपन्न हुआ है ऐसा माना जाता है।



### पंचबली से प्रसन्न होते हैं पितृ

पंचबली निकालने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनकी आत्मा तृप्त होती हैं और वह प्रसन्न होते हैं। साथ ही वह सुख- समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। साथ ही जिन लोगों की जन्मकुंडली में पितृदोष है, उन लोगों को पंचबली जरूर निकालनी चाहिए। ऐसा करने से पितृ दोष के अशुभ प्रभाव में कमी आती है।

## तीन अक्टूबर से शनि देव करेंगे राहु के नक्षत्र में प्रवेश, चमक सकती है इन राशियों की किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार ग्रह समय- समय पर राशि के साथ नक्षत्र परिवर्तन करते हैं, जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर सीधेतौर पर पड़ता है। आपको बता दें कि आपको बता दें कि शनि देव 3 अक्टूबर को शतभिषा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे, जिस पर राहु देव का आधिपत्य है। ज्योतिष अनुसार राहु और शनि देव में मित्रता का भाव है। ऐसे में राहु के नक्षत्र में शनि देव के गोचर से कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इन राशियों धन-दौलत में अपार बढ़ोतरी हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**कुंभ राशि** : आप लोगों के लिए शनि ग्रह का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से लग्न भाव पर संचरण कर रहे हैं। वहीं इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। व्यापार में सफलता मिलेगी। शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। बेरोजगार लोगों को नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। साथ ही आपको पार्टनरशिप के काम में लाभ हो सकता है।

**वृष राशि** : शनि देव का नक्षत्र परिवर्तन वृष राशि के जातकों को शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से कर्म भाव पर विचरण कर रहे हैं। काम-कारोबार में तरक्की मिल सकती है। कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील मिलेगी। साथ ही आपको कोई बड़ा निवेशक भी मिल सकता है। वहीं इस समय जॉब की तलाश लोगों को नौकरी मिल सकती है। वहीं इस दौरान नौकरीपेशा लोगो की पदोन्नति हो सकती है।

**मिथुन राशि** : आप लोगों के लिए शनि देव का नक्षत्र परिवर्तन लाभप्रद साबित हो सकता है क्योंकि शनि देव आपकी राशि से नवम भाव पर विचरण कर रहे हैं। इसलिए इस दौरान आपको भाग्य का साथ मिल सकता है। साथ ही इस दौरान आपको व्यापार में नए ऑर्डर मिलेंगे। साथ ही व्यापार में लगातार लाभ हो सकता है।



## बच्चों के लिए दोस्ती होती है जरूरी, उन्हें पढ़कर सुनाएं दोस्ती पर आधारित ये किताबें

बच्चों को कहानियों के जरिए समझाया जा सकता है दोस्ती का महत्त्व

बच्चों की कहानियों में दोस्ती की अहमियत को जरूर दिखाया जाता है। ये कहानियां न केवल बच्चों का मनोरंजन करती हैं, बल्कि उन्हें सच्ची मित्रता के मूल्य भी सिखाती हैं। दोस्ती के माध्यम से बच्चे सहयोग, समर्थन और समझदारी जैसे गुण सीखते हैं। आज हम आपको हिंदी में लिखी गई कुछ ऐसी किताबों के बारे में बताएंगे, जो बच्चों को दोस्ती का सही मतलब समझाने में मदद करेंगी और उन्हें जीवन के अहम सबक देंगी।

### दोस्ती का अनमोल रत्न- सुधा मूर्ति

सुधा मूर्ति की 'दोस्ती का अनमोल रत्न' राजू और मोहन नाम के 2 दोस्तों की कहानी है, जो एक छोटे से गांव में रहते हैं। दोनों हमेशा साथ खेलते और पढ़ते हैं। एक दिन राजू को पता चलता है कि मोहन के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वह अपने माता-पिता से बात करके मोहन की मदद करने का फैसला करता है। यह कहानी बच्चों को सिखाती है कि सच्चे दोस्त हमेशा एक-दूसरे की मदद करते हैं।



### गुल्लक और गुड्डू- प्रेमचंद

प्रेमचंद द्वारा लिखित 'गुल्लक और गुड्डू' गुल्लक नामक एक छोटे लड़के और उसके पालतू कुत्ते गुड्डू की कहानी है। गुल्लक और गुड्डू हर समय साथ रहते हैं और उनकी दोस्ती बहुत गहरी होती है। एक दिन गुल्लक खो जाता है और गुड्डू उसे ढूंढने निकल पड़ता है। गुड्डू की वफादारी और मेहनत से गुल्लक मिल जाता है। इस कहानी से बच्चे जानवरों के प्रति प्रेम, वफादारी और सच्ची मित्रता का महत्व सीख सकते हैं।

### नन्हें मुन्ने के दोस्त- रस्किन बॉन्ड

रस्किन बॉन्ड द्वारा लिखित इस कहानी में नन्हें मुन्ने नामक बच्चा अपने नए स्कूल में कोई भी दोस्त नहीं बना पाता। वह अकेला और उदास महसूस करता है, लेकिन धीरे-धीरे वह अपनी कक्षा के सबसे शर्मीले बच्चे से मित्रता कर लेता है। उनकी दोस्ती गहरी होती जाती है और वे एक-दूसरे का सहारा बनते हैं। यह कहानी बताती है कि कभी-कभी सबसे अच्छे दोस्त वहीं मिलते हैं, जहां हम उम्मीद नहीं करते।

### प्यारे दोस्तों का सफर- विभा शर्मा

विभा शर्मा द्वारा लिखित इस किताब में 4 दोस्तों की यात्रा का वर्णन किया गया है, जो गर्मियों की छुट्टियों में पहाड़ों पर जाते हैं। वहां वे कई रोमांचकारी अनुभव करते हैं, जैसे जंगल में कैंपिंग और नदी पार करना। इन अनुभवों से उनकी मित्रता और भी मजबूत होती जाती है। यह किताब बच्चों को टीमवर्क, सहयोग और एक-दूसरे पर भरोसा करना सिखाती है और दोस्ती का असली मतलब समझने में भी मदद करती है।

### दोस्तों का जादुई बगीचा- अनुपमा राय

अनुपमा राय द्वारा लिखित इस किताब में रीना, मीना और टीना नाम की 3 दोस्तों की कहानी बताई गई है। वे एक जादुई बगीचे में प्रवेश करती हैं, जहां हर पौधा बोल सकता है। वहां वे कई चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी मित्रता को मजबूत बनाती हैं। यह किताब बच्चों को कल्पनाशीलता, साहसिक कार्यों और सच्ची दोस्ती की अहमियत सिखाती है। बच्चों को यह कहानी मनोरंजन के साथ-साथ जीवनभर याद रखने वाले सबक भी देती है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अरबों के मालिक हैं कोल्डप्ले बैंड के मेंबर्स



**लॉस एंजिल्स।** कोल्डप्ले ने दुनियाभर में अपने गानों से धूम मचाई हुई है। जल्द ही ये बैंड इंडिया में भी कॉन्सर्ट करने वाला है। यह बैंड 28 साल पहले शुरू हुआ था, जिसके बाद से इसने कई सारे एल्बम बनाए हैं। बैंड में 5 मेंबर हैं। जिसमें लीड वोकलिस्ट क्रिस मार्टिन, गिटारिस्ट जॉनी बकलैंड, बेसिस्ट गाय बेरीमैन और ड्रमर विल चैंपियन हैं। इस ग्रुप का पांचवे मेंबर फिल हार्वी हैं, जो कि इस ग्रुप के मैनेजर हैं। इनके पास अरबों रुपए की संपत्ति है। फिल हार्वे की कुल वर्थ लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 4 सौ करोड़ से ज्यादा है। विल चैंपियन के पास लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी 8 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की कुल संपत्ति है। जॉनी की नेटवर्थ देखें तो, वो लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी 8 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा के मालिक हैं। गाय बेरीमैन के पास कुल लगभग 100 मिलियन डॉलर यानी 8 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। क्रिस मार्टिन को शोबीज में सबसे पसंदीदा मेंबर भी कहा जाता है। क्रिस मार्टिन की नेटवर्थ लगभग 160 मिलियन डॉलर यानी 13 सौ करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा'ने की संडे को छप्परफाड़ कमाई



मुंबई। जूनियर एनटीआर, सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर स्टारर 'देवरा पार्ट 1' ने शुक्रवार, 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी है। एक्शन ड्रामा इस साल की मोस्ट अवेटेड रिलीज में से एक थी। दरअसल, इस फिल्म से जूनियर एनटीआर ने 6 साल बाद स्क्रीन पर कमबैक किया है, ऐसे में फैंस 'देवरा पार्ट1' को लेकर बेहद एक्साइटेड थे। फिल्म ने बंपर ओपनिंग की, लेकिन दूसरे ही दिन फिल्म की कमाई में काफी गिरावट देखी गई। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 82.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन 'देवरा पार्ट1' ने 38.2 करोड़ का कारोबार किया। 'देवरा पार्ट1' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 40.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसमें फिल्म ने तेलुगु में 27.65 करोड़, हिंदी में 11 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में 1.05 करोड़ और मलयालम में 25 लाख का कलेक्शन किया है। एक्शन ड्रामा में जूनियर एनटीआर पिता और बेटे के डबल रोल में है। फिल्म में जाह्नवी कपूर थंगम की भूमिका निभाई है। वहीं सैफ अली खान ने भी इस फिल्म में टॉलीवुड में डेब्यू किया है और वे 'देवरा पार्ट1' में विलेन भैरा के रोल में हैं। बता दें कि इस फिलम का निर्देशन कोराटाला शिवा ने किया है।

### भोजपुरी

## बॉलीवुड में नहीं चली किस्मत लेकिन भोजपुरी का बना सुपरस्टार



**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री में सफलता मिलना आसान बात नहीं है। तमाम अभिनेताओं ने खूब संघर्ष करने के बाद फिल्मों अपनी पहचान बनाई है। आज हम आपको यहां ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताएंगे जिन्हें मिथुन चक्रवर्ती का डुप्लीकेट कहा जाता था और उन्होंने बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाई, लेकिन असफल रहे। बाद में वह भोजपुरी सिनेमा में छा गए थे। हम जिस अभिनेता की बात कर रहे हैं वो कोई और नहीं रवि किशन शुक्ला हैं। रवि किशन आज एक फेमस अभिनेता होने के साथ ही पॉलिटिशियन, फिल्म मेकर और टीवी पर्सनैलिटी हैं। हालांकि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। बता दें कि रजत शर्मा के शो आप की अदालत में रवि किशन ने एक बार खुलासा किया था कि वह हनुमान मंदिर से सिक्के चुराते थे। रवि के पिता की दूध डेयरी थी और वह वहां से पैसे भी चुराते थे। इसी इंटरव्यू के दौरान रवि ने ये भी बताया था कि उनके पिता उन्हें बहुत मारते थे और एक दिन उनके पापा उनसे बहुत नाराज हो गए थे। रवि की मां ने उन्हें उनके पिता के गुस्से से बचाया और उन्हें 500 रुपए देकर मुंबई भाग जाने के लिए कहा था। जब रवि ने बॉलीवुड में शुरुआत की थी तो उन्हें गरीबों का मिथुन चक्रवर्ती कहा जाता था।

## कृति शेट्टी की ये साड़ियां हैं त्यौहारों के लिए बेस्ट

लाइफ स्टाइल



त्योहारों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में अगर आप अपने लिए परफेक्ट साड़ी की तलाश में हैं तो ब्यूटीफुल एक्ट्रेसेज कृति शेट्टी की इन साड़ियों से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। ये सभी साड़ियां एकदम लेटेस्ट डिजाइन की हैं जो आपको इस फेस्टिव सीजन सबसे स्टाइलिश लुक देंगी। रॉयल लुक के लिए बेस्ट है सिल्क साड़ी। शिमरी रेड साड़ी। नेट की साड़ी। ब्यूटीफुल लुक देगी सिल्क साड़ी। लहरिया प्रिंट साड़ी। रॉयल ब्लू साड़ी देगी रॉयल लुक। ऑफ व्हाइट साड़ी। ऑफ व्हाइट कलर की साड़ियां फेस्टिवल्स पर पहनने के लिए परफेक्ट ऑप्शन हैं। आप कीर्ति की तरह ही मिनिमल थ्रेड वर्क वाली साड़ी ट्राई कर सकती हैं।

## फ्रिज में स्किन केयर प्रोडक्ट रखते समय रखें इन बातों का ख्याल

जी हां, आज के समय में लोग अपने कुछ स्किन केयर व मेकअप प्रोडक्ट्स को फ्रिज में जरूर रखते हैं। ऐसा माना जाता है कि स्किनकेयर प्रोडक्ट्स को भी ठंडे वातावरण से लाभ हो सकता है। कुछ स्किनकेयर आइटम को रेफ्रिजरेटर में स्टोर करना एक ब्यूटी ट्रेंड है। आप अपनी क्रीम से लेकर सीरम और मास्क को फ्रिज में रख सकते हैं, इससे उनकी प्रभावशीलता बढ़ सकती है। यह उनकी शेल्फ लाइफ को भी बढ़ाता है। यहां पर आपको यह भी समझने की जरूरत है कि हर स्किन केयर प्रोडक्ट को फ्रिज में नहीं रखा जाना चाहिए। फ्रिज के ठंडा तापमान की वजह से उनकी प्रभावशीलता कम हो सकती है या फिर उन्हें नुकसान भी हो सकता है। आपको यह जानना जरूरी है कि फ्रिज में स्किन केयर प्रोडक्ट्स किस तरह रखने चाहिए।

**हर स्किन केयर प्रोडक्ट फ्रिज में न रखें:** फ्रिज में स्किन केयर प्रोडक्ट्स रखना अच्छा माना जाता है लेकिन हर प्रोडक्ट को फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। मसलन, आप आई क्रीम से लेक शीट मास्क, फेस मिस्ट, विटामिन सी सीरम और एलोवेरा जेल जैसे प्रोडक्ट्स को फ्रिज में रख सकते हैं। इससे उन्हें फायदा मिलता है और स्किन की सूजन कम करने में मदद मिल सकती है। वहीं, आपको फेस ऑयल जैसे ऑयल बेस्ड प्रोडक्ट, क्ले मास्क और रेटिनॉल आदि को फ्रिज में रखने से बचना चाहिए।

**एयरटाइट हो कंटेनर:** जब भी आप स्किन केयर प्रोडक्ट को फ्रिज में रखें तो यह अवश्य सुनिश्चित करें कि आप उसे हमेशा एयर टाइट कंटेनर में ही स्टोर करें। अगर आप इस टिप को इग्नोर करते हैं तो ऐसे में नमी और फ्रिज की गंध से फ़ॉर्मूला प्रभावित हो जाता है। जार, पंप या ट्यूब जो एयर-टाइट हैं, उसमें आप स्किन केयर प्रोडक्ट रखकर आसानी से स्टोर कर सकते हैं।



### फ्रीजर में ना रखें, हो सकते हैं क्रिस्टलीकृत

कई बार लोग स्किन केयर प्रोडक्ट को फ्रिज की जगह फ्रीजर में स्टोर करते हैं। हालांकि, आपको ऐसा नहीं करना चाहिए। फ्रीजर का तापमान प्रोडक्ट्स के एक्टिव इंग्रीडिएंट को नुकसान पहुंचा सकता है। इतना ही नहीं, इससे आपकी फेवरिट क्रीम या जैल का टेक्सचर बदल सकता है। खासतौर से, वाटर बेस्ड स्किन केयर प्रोडक्ट्स को कभी भी फ्रीजर में नहीं रखना चाहिए। ये अलग हो सकते हैं या क्रिस्टलीकृत हो सकते हैं।

## बेसिक जींस और टी-शर्ट में भी मिल सकता है कमाल का लुक




अमूमन हम सभी खुद को स्टाइलिश दिखाने के लिए तरह-तरह के फैन्सी आउटफिट पहनने की कोशिश करते हैं लेकिन स्टाइलिश और डिजाइनर आउटफिट काफी महंगे होते हैं और इन्हें हर जगह पहना भी नहीं जा सकता है। इसलिए, अगर आप डेली रूटीन में स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो ऐसे में आपको अपने डेलीवियर में अपने स्टाइलिंग गेम को अप करने की जरूरत है। मसलन, डेली वियर में हम सभी बेसिक जींस और टी-शर्ट पहनना काफी पसंद करते हैं लेकिन इसमें आपका लुक बेहद ही केजुअल लगता है। हालांकि, अगर आप चाहें तो अपने इस केजुअल लुक को भी बेहद स्टाइलिश बना सकती हैं। बस आपको छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही, आपको कुछ चीजों को अपने लुक में शामिल करना चाहिए, जिससे आपका लुक काफी स्टनिंग दिखे। कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स हैं, जिन्हें अपनाकर आप सिंपल जींस-टीशर्ट में भी काफी स्टाइलिश लग सकती हैं-

### फिटिंग का रखें ध्यान

भले ही आप केजुअल जींस-टीशर्ट पहन रही हैं, लेकिन अगर आप इसमें भी अपने स्टाइल व फिटिंग का ध्यान रखती हैं तो इससे आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो सकता है। मसलन, अगर आप हाई-वेस्ट जींस पहनती हैं तो इससे आपके पैर अधिक स्लिम व लंबे नजर आ सकते हैं। वहीं, स्किनी या स्ट्रेट-लेग जींस एक डेफ़िनिशन जोड़ती है। जींस की तरह ही आप यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी टी-शर्ट बहुत ज़्यादा बैगी या बहुत ज़्यादा टाइट न हो।



### एक्सेसरीज़ पर दें ध्यान, सोच-समझकर चुनें

जब आप जींस-टीशर्ट पहन रही हैं तो ऐसे में आप एक्सेसरीज को भी सोच-समझकर चुनें। एक्सेसरीज आपका ओवर ऑल लुक चेंज कर सकती है। आप चाहें तो हूप या स्टड इयररिंग पहनना या ब्रेसलेट को स्टैक करके भी अपने लुक को स्पाइस अप कर सकती हैं। अगर आप कहीं बाहर घूमने के लिए जा रही हैं तो जींस-टीशर्ट के साथ एक स्टाइलिश घड़ी या ट्रेंडी सनग्लासेस भी पहन सकती हैं।

### फुटवियर पर करें फोकस

जींस-टीशर्ट के साथ आपको अपने लुक को ध्यान में रखते हुए फुटवियर का चयन करना चाहिए। मसलन, अगर आप केजुअल्स में एक ट्रेंडी लुक चाहते हैं तो ऐसे में स्नीकर्स को स्टाइल करें। आप कलर्ड स्नीकर्स से लेकर स्लीक व्हाइट शूज़ पहनकर अपने लुक को स्पाइसअप करें।

## शकरकंद से बनाए जा सकते हैं अनेक स्वादिष्ट व्यंजन, आसान हैं रेसिपी

शकरकंद एक पौष्टिक और स्वादिष्ट सब्जी है, जिसे अलग-अलग प्रकार के व्यंजनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी6 के साथ-साथ फाइबर भी भरपूर मात्रा में होता है। शकरकंद से बने व्यंजन न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि स्वास्थ्यवर्धक भी होते हैं। आइए आज हम आपको शकरकंद से बनाए जाने वाले व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जिन्हें घर पर 10 से 15 मिनट में तैयार किया जा सकता है।

### शकरकंद की टिक्की

शकरकंद की टिक्की एक बेहतरीन स्नैक है, जिसे आप शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले शकरकंद को उबाल लें और फिर उसे मैश कर लें, फिर इसमें हरी मिर्च, अदरक, पत्तेदार धनिया, नमक और थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस मिश्रण को छोटे-छोटे गोल आकार में बनाकर तवे पर हल्का तेल डालकर सेंके, फिर इन्हें गर्मागर्म परोसें। यह टिक्की बाहर से कुरकुरी और अंदर से नरम है।



### शकरकंद का हलवा

शकरकंद का हलवा एक मिठाई है, जो खास मौकों पर बनाई जाती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले शकरकंद को उबाल कर मैश कर लें, फिर कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें मैश किया हुआ शकरकंद डालें। इसे धीमी आंच पर भूनें जब तक कि इसका रंग बदल न जाए। अब इसमें दूध, चीनी और इलायची पाउडर मिलाएं और गाढ़ा होने तक पकाएं। अंत में कटे हुए मेवे डालकर इसे परोसें।

## सिर्फ 10 मिनट में चमकाना है काला सोना तो बिना खर्च किए इन चीजों से करें साफ

सोने के गहनों को अगर आप हर दिन इस्तेमाल कर रहे हैं, तो यह धूल-मिट्टी और हवा में मौजूद नमी की वजह से यह काले दिखने लगते हैं। यह आम बात है कि कोई भी वस्तु अगर आप हर दिन पहनते हैं और इसकी नियमित रूप से सफाई नहीं करते हैं, तो इसका रंग फीका पड़ेगा ही। इसी तरह सोने के गहने जैसे अंगूठी, चेन और कान के झुमके काले पड़ने लगते हैं। अगर आप इन्हें मार्केट में साफ करवाने जाएंगे, तो सुनार अधिक पैसे मांगता है। इस आर्टिकल में हम आपको सोने के गहनों को साफ करने के टिप्स के बारे में बताएंगे।ये घरेलू नुस्खे एक बार करने के बाद आप बार-बार इन्हें फॉलो करेंगे।

### टूथपेस्ट से चमकाएं सोने के आभूषण

इसके लिए सबसे पहले आपको एक बर्तन में पानी गर्म करना है।
इसके बाद आप इसमें एक चम्मच टूथपेस्ट मिलाएं।
ध्यान रखें कि आपको आधा कटोरी पानी में एक चम्मच टूथपेस्ट मिलाना है।
जब पानी गर्म हो जाए, तो चम्मच की मदद से टूथपेस्ट को पानी में घोल लें।
अब आप गैस बंद करें और इसमें सोने के गहनों को 10 मिनट के लिए डालकर छोड़ दें।
इसके बाद आप गहनों को पानी से निकाले और हल्के हाथ से ब्रश से साफ करें।
गर्म पानी में गहने डालने से इसपर लंगी गंदीग पानी में आ जाती है।
आप देखेंगे कि सोने के गहनों की चम्मच एकदम नए जैसी हो गई है।
यह चांदी की पायल साफ करने का भी आसान तरीका है।



### नींबू की मदद से ऐसे करें गहनों को साफ

इसके लिए आपको आधा कटोरी पानी में 1 चम्मच नींबू का रस मिलाकर गर्म करना है।
जब पानी अच्छे से गर्म हो जाए, तो गैस बंद कर दें।
अब इसमें सोने के गहनों को डालकर कुछ समय के लिए छोड़ दें।
इसके बाद कोई भी डिटर्जेंट पाउडर लेकर ब्रश से हल्के हाथों से साफ करें।
इसके बाद आप एक बर्तन में आधा कटोरी पानी लेकर आधा चम्मच हल्दी मिलाएं।

**कार्नर न्यूज**

**त्यौहारों में अलग-अलग तरीके से पहनें साड़ी, सबसे अलग और खास लगेगा आपका लुक**

## नवरात्रि में गुजराती, दिवाली पर बनारसी और करवा चौथ पर पहनें राजस्थानी बांधनी

त्योहारों का मौसम आते ही हर महिला चाहती है कि वह सबसे अलग और सुंदर दिखे। साड़ी भारत की परंपरा का अहम हिस्सा है और इसे पहनने के कई तरीके हैं, जो आपके लुक को खास बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको कुछ नए और आकर्षक साड़ी पहनने के अंदाज बताएंगे, जिन्हें आप इस त्योहार के सीजन में आजमा सकती हैं और अपने लुक को और भी स्टाइलिश बना सकती हैं। इन सभी तरीकों से आप अपने त्योहारों को खास बना सकती हैं और हर मौके पर अलग-अलगअंदाज में नजर आ सकती हैं।



### नवरात्रि के लिए चुनें गुजराती स्टाइल

गुजराती स्टाइल में साड़ी पहनना नवरात्रि के दौरान बहुत लोकप्रिय होता है। इसमें पल्लू को सामने की ओर से लपेटा जाता है, जिससे यह देखने में बहुत आकर्षक लगता है। इस स्टाइल को अपनाने से आपके लिए चलना आसान हो सकता है और आप गरबा या डांडिया करते समय आराम महसूस कर सकती हैं। इसके साथ भारी गहनों का मेल करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप सबसे अलग दिखें।



### दिवाली पर पहनें बनारसी साड़ी

दिवाली पर बनारसी साड़ी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसकी चमकदार कारीगरी और अच्छा कपड़ा इसे खास बनाते हैं। इसे पहनते समय ध्यान रखें कि पल्लू को थोड़ा लंबा रखें ताकि यह शाही अंदाज दे सके। इसके साथ छोटे क्लच बैग अच्छे लगते हैं, जिनपर थोड़ी कढ़ाई की गई हो। इसके अलावा हल्के गहने और बिंदी का उपयोग करें ताकि आपका लुक और भी खास और आकर्षक नजर आए।

### करवा चौथ के लिए बेहतरीन है राजस्थानी बांधनी

करवा चौथ पर राजस्थानी बांधनी साड़ी एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें रंग-बिरंगे डिजाइन होते हैं, जो त्योहार की खुशी को बढ़ाते हैं। इसे पहनते समय पल्लू को सिर पर ढकें ताकि यह पारंपरिक लगे और साथ ही आपको आराम भी मिले। इसके साथ चांदी के गहने पहने जा सकते हैं जो आपके लुक को पूरा करेंगे। इसके अलावा हल्की मेहंदी और बिंदी का उपयोग करें ताकि आपका लुक और भी खास नजर आए।